# बाल सूचना साझाकरण
# Child Information Sharing

Hindi | हिन्दी

## आप मेरी जानकारी क्यों साझा करना चाहते/ती हैं?

### विक्टोरियाई बच्चों की देखभाल करना

विक्टोरिया के सभी बच्चों को सुरक्षित और खुशहाल जीवन जीने में मदद करने के लिए, विक्टोरियाई सरकार बच्चों के साथ काम करने वाले कुछ पेशेवरों द्वारा जानकारी साझा करने के तरीके में सुधार कर रही है।

कई सेवाएँ पहले से ही जानकारी साझा करती हैं। बाल सूचना साझाकरण योजना (Child Information Sharing Scheme [CISS]) इन पेशेवरों के लिए उस बच्चे/बच्ची की पूरी जानकारी देख पाना आसान बनाती है जिसके साथ वह काम करते हैं, जिससे उन्हें यह समझने में मदद मिलती है कि वे क्या साझा कर सकते हैं, और परिवार की गोपनीयता की रक्षा कैसे करनी है।

## इससे परिवारों की मदद कैसे होती है?

कई बच्चों को अपने जीवन में किसी न किसी चरण पर सहायता की आवश्यकता होगी। बच्चों के पैदा होने से जब तक वे 18 वर्ष के नहीं हो जाते हैं, तब तक बाल सूचना साझाकरण संशोधन बच्चों और उनके परिवारों को पेशेवरों और संगठनों से बेहतर समर्थन प्राप्त करने में मदद करते हैं।

## इससे पेशेवरों की मदद कैसे होती है?

बाल सूचना साझाकरण बच्चों का समर्थन और उनकी देखभाल करने वाले पेशेवरों (जैसे शिक्षकों और नर्सों) को सक्षम बनाता है कि वे किसी बच्चे/बच्ची के बारे में अपने ज्ञान को एक दूसरे के साथ साझा करें और साथ ही यह दिशानिर्देश भी प्रदान करता है कि क्या साझा करना है, और परिवार की गोपनीयता की रक्षा कैसे करें।

## उदाहरण:



ताज ने हाल ही में स्कूल बदले हैं। उसकी नई शिक्षिका, सोनिया ने देखा कि वह कक्षा में अपनी बात कहने में हिचकिचाता है, और उसे अपना स्कूल का काम पूरा करने में परेशानी आ रही है। ताज के पुराने स्कूल से जानकारी का अनुरोध करके, सोनिया को पता चला कि उसे डिस्लेक्सिया है, जिसकी वजह से वह कक्षा में भाग लेने में हिचकिचाता है।

**यह ऐसी जानकारी का एक उदाहरण है जिसे बाल सूचना साझाकरण के माध्यम से साझा किया जा सकता है, क्योंकि यह ताज के शिक्षक/शिक्षिका को एक ऐसी पाठ योजना बनाने की अनुमति देता है जो ताज की शिक्षा-प्राप्ति की आवश्यकताओं का समर्थन करती है।**

# आप इसे किसके साथ साझा कर रहे/ही हैं? इसका इस्तेमाल कैसे किया जाएगा?

## साझा की गई जानकारी का प्रकार

बच्चों की भलाई या सुरक्षा का समर्थन करने वाली कोई भी जानकारी साझा की जा सकती है। यह जानकारी इस प्रकार की हो सकती है जैसे कि पेशेवर सहायता जो बच्चे/बच्ची को मिल रही है, या पारिवारिक संबंधों के बारे में जानकारी।

## जानकारी का उपयोग किस लिए किया जाता है

**यह सुनिश्चित करना कि आपको अपनी कहानी दो बार बताने की आवश्यकता नहीं होगी**

**उन सही लोगों को शामिल करना जो मदद कर सकते हैं**

**पूरी समझ प्राप्त करना**

**बच्चों को कामयाब होने में मदद करना**

## जानकारी को कौन साझा और एक्सेस कर सकता है?

केवल कुछ लोगों के पास ही जानकारी साझा करने का अधिकार है — हर किसी के पास नहीं। ये लोग ऐसे पेशेवर होते हैं, जिनका बच्चों की देखभाल करने और उनकी सुरक्षा करने का दायित्व होता है, जैसे कि शिक्षक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता और परामर्शदाता, नर्स और पुलिस।



## उदाहरण:

लिसा एक स्कूल नर्स है, जो ऐलिस और उसकी पांच साल की बेटी, जैस्मीन, जो हृदय की मामूली समस्या से ग्रस्त है, के साथ काम करती आ रही है। जैस्मीन के प्राईमरी स्कूल शुरू करने पर, लिसा ऐलिस के साथ बात करती है, और जैस्मीन के प्राईमरी स्कूल की नर्स के साथ उसकी स्थिति के बारे में जानकारी साझा करने के बारे में उसके विचार पूछती है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे उसकी जरूरतों से अवगत हैं। जानकारी साझा करने से पहले लिसा को ऐलिस के विचारों के बारे में पता है।

**यह एक ऐसी स्थिति का उदाहरण है जब पेशेवर जानकारी साझा करने का चयन कर सकता है, और इस बात का भी कि वे इसे किसके साथ साझा कर सकते हैं।**

# जानकारी कब साझा की जा सकती है?

## जानकारी को तब तक साझा नहीं किया जा सकता है जब तक कि:

1. **इसका उपयोग बच्चे/बच्ची (या बच्चों के समूह) की भलाई या सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए न किया जाए।**
2. **साझा करने से सेवाएं प्रदान करने, योजनाएँ बनाने या बच्चों को पेश आने वाले जोखिमों की जांच करने या प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी।**
3. **यह किसी को भी खतरे में नहीं डालेगा, कानूनी रूप से प्रतिबंधित नहीं होगा या नियमों के तहत इसे वर्जित नहीं किया जाएगा।**

जानकारी साझा करने से पहले जिन शर्तों को पूरा किया जाना आवश्यक है, उनकी पूरी सूची के लिए www.infosharing.vic.gov.au पर जाएं

## जानकारी कैसे साझा की जाती है?

कानूनी रूप से अधिकृत संगठन और पेशेवर या तो जानकारी की मांग कर सकते हैं या इसे साझा करने का निर्णय ले सकते हैं।

## जानकारी को निजी और सुरक्षित रखना

बच्चों की सुरक्षा का एक हिस्सा यह सुनिश्चित करना है कि उनकी जानकारी को भी सुरक्षित और महफ़ूज रखा जाता है। बाल सूचना साझाकरण पेशेवरों को यह बताकर मौजूदा गोपनीयता कानूनों का समर्थन करता है कि वे उन कानूनों के तहत जानकारी कब साझा कर सकते हैं। जरूरत न होने पर गोपनीय जानकारी को साझा करना एक अपराध है। इसके अलावा, सभी जानकारी को अलग-अलग संगठनों द्वारा सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाना आवश्यक है। उन अधिकृत स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों से अवगत हों।

## उदाहरण:

एंडी एक सामाजिक सहायता कार्यकर्ता है, जिसे ली के बारे में जानकारी साझा करने के लिए हाई स्कूल के प्रवेश अधिकारी से निवेदन मिलता है। एंडी ने ली के परिवार की उस समय सहायता की थी जब वे कुछ समय के लिए बेघर थे। ली और उसके परिवार के साथ परामर्श करने के बाद, एंडी उनके रहन-सहन की स्थिति के बारे में जानकारी साझा नहीं करता है, क्योंकि उसे संदेह है कि इसका प्रयोग ली को स्कूल में दाखिला देने से रोकने के लिए किया जा सकता है।

**यह एक ऐसी स्थिति का उदाहरण है जहाँ पेशेवर जानकारी साझा नहीं कर सकते हैं — प्रवेश अधिकारी अधिकृत पेशेवर नहीं है, और जानकारी का उपयोग ली या उसके परिवार की भलाई या सुरक्षा का समर्थन करने के लिए नहीं किया जा रहा है।**

# शिकायतें

## यदि आप इस बात को लेकर चिंतित हैं कि जानकारी को ऐसे तरीके से साझा किया गया हो सकता है जिसे करने की अनुमति नहीं है, तो आपको फ़ीडबैक देने और शिकायत करने का अधिकार है।

**पहली बार शिकायत करने के लिए, जानकारी साझा करने वाले संगठन से बात करें। शिकायतों से निपटने के लिए सभी संगठनों के पास प्रक्रियाएँ होनी चाहिए।**



## यदि आप इस बात से संतुष्ट नहीं हैं कि मामले का समाधान किया गया है, तो निम्नलिखित को शिकायत की जा सकती है:

**यदि शिकायत व्यक्तिगत जानकारी के बारे में है तो विक्टोरियाई सूचना आयुक्त कार्यालय को**

वेबसाइट: ovic.vic.gov.au / टेलीफोन: 1300 666 444

**यदि शिकायत स्वास्थ्य जानकारी के संबंध में है, तो स्वास्थ्य शिकायत आयुक्त को**

वेबसाइट: hcc.vic.gov.au / टेलीफोन: 1300 582 113

## यदि आपको बाल सूचना साझाकरण योजना के बारे में और अधिक जानकारी चाहिए, तो आप निम्नलिखित तरीके से हमसे संपर्क कर सकते/ती हैं:

**हमें कॉल करें:** 1800 549 646

**हमें ई-मेल करें:** CISandFVIS@education.vic.gov.au

**यह वेबसाइट देखें:** vic.gov.au/child-information-sharing-scheme

CHILD INFORMATION SHARING SCHEME

VICTORIA State Government